**विचारार्थ विषय**

**परामर्शदाता - जेंडर एवं पीएनडीटी / (एक पद)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**भूमिका एवं उत्तरदायित्व:**

- राज्यों के लिंगानुपातों से संबंधित मुद्दों एवं समस्याओं का आकलन, पीएनडीटी संबंधी कार्यनीतियों, क्रियाकलापों, बजट का मूल्यांकन / समीक्षा और राज्यों के पीआईपी में कम लिंगानुपात के मुद्दे के समाधान के लिए संप्रेषण उपकरण तैयार करना तथा उन्हें सुदृढ़ करने हेतु उपयुक्त कार्रवाई का सुझाव देना।
- क्षेत्र दौरों / निगरानी के आधार पर मौजूदा दिशा-निर्देशों की समीक्षा और संशोधित प्रचालनात्मक दिशा-निर्देशों में आशोधन (यदि आवश्यक हो); आवश्यक अनुमोदन की प्राप्ति सुनिश्चित करना तथा कार्यशालाओं, प्रशिक्षण मॉड्यूलों आदि के माध्यम से दिशा-निर्देशों को प्रचालित करना।
- प्रत्येक प्रभाग में वर्तमान कार्य में लिंग के परिप्रेक्ष्य को शामिल करने के लिए उसके द्वारा की गई कार्रवाई को सुदृढ़ करने हेतु मंत्रालय के विभिन्न विभागों के साथ कार्य करना।
- प्राप्त रिपोर्टों के विश्लेषण तथा वेब आधारित एचएमआईएस में उपलब्ध डाटा के माध्यम से क्षेत्र स्तर पर प्रगति का आकलन करना।
- जिलों/उप-जिलों के आवधिक दौरे, क्षेत्र दौरों की रिपोर्टों / राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय निरीक्षण दौरों पर की गई कार्रवाई रिपोर्टों का विश्लेषण करना ताकि नैदानिक जांच सेवाओं में सुविधा हो, क्षमताओं एवं कमियों की पहचान करना और अनुवर्ती कार्रवाई तथा सुधार के लिए प्रभावी कार्य-नीति तैयार करना।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से प्राप्त रिपोर्टों के विश्लेषण सहित विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देना।
- देश में घटते लिंगानुपात के संबंध में उभरते सभी मुद्दों से संबंधित प्रस्ताव तैयार करना।
- आशा, एएनएम और चिकित्सा अधिकारियों आदि जैसे प्रमुख प्रशिक्षण संवर्गों में लिंग के मुद्दे (पीसीपीएनडीटी तथा लिंग चयन सहित) को शामिल करने हेतु प्रशिक्षण प्रभाग के सहयोग से कार्य करना और सेवा प्रदाताओं को लिंग संबंधी प्रशिक्षण में सुविधा प्रदान करना।
- वर्तमान एनएचएम पीआईपी तथा विषयगत क्षेत्रों के भीतर पीसीपीएनडीटी / लिंग चयन के मुद्दों को शामिल करने के लिए कार्रवाई की पहचान करना।

- राज्यों के पीआईपी की लैंगिक परिप्रेक्ष्य में समीक्षा करना और चयनित राज्यों को स्वास्थ्य सेवाओं में विशेष रूप से लैंगिक अवरोधों को कम करने हेतु कार्रवाई सुदृढ़ करने में सहयोग प्रदान करना।
- जनता, कानून के प्रवर्तकों / कार्यान्वयन एजेंसियों तथा चिकित्सकों तक पहुंच तथा उनकी जरूरतों को पूरा करने हेतु शिक्षा, सूचना और संप्रेषण (आईईसी) कार्यनीतियों में नई खोजों सहित तौर-तरीकों की पहचान करना।
- उपर्युक्त विशेष रूप से लक्षित समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभावी एकीकरण के अवसरों की पहचान करना।
- सेवा की प्रदानगी / गुणवत्ता में सुधार लाने में योजना तथा निगरानी प्रणालियों की प्रक्रिया में सतत् सुधार लाने के लिए सहायता / सहयोग।
- उपर्युक्त कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना।

**पात्रता:**

- सामाजिक कार्य / लिंग अध्ययन या संबंधित सामाजिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री और लैंगिक मुद्दों का अच्छा तकनीकी ज्ञान।
- लिंग संबंधी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का न्यूनतम 4-6 वर्ष का अनुभव, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी का 3 वर्ष का अनुभव हो।
- एनएचएम के तहत जन-स्वास्थ्य कार्यक्रमों, विशेष रूप से पीएनडीटी और लिंग चयन / परिवार नियोजन / प्रजनन स्वास्थ्य (आरएच) / मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य (एमएनएच) में लिंग संबंधी मुद्दों का तकनीकी ज्ञान और क्षेत्र अनुभव।
- जन-स्वास्थ्य प्रणाली, प्रमुख पणधारियों तथा संगत सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों, विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य समितियों के विषय में जानकारी।
- सुदृढ़ सांख्यिकी की अच्छी समझ और कार्यक्रम प्रबंधन, क्षमता-निर्माण और पर्यवेक्षण का अनुभव।
- अंतर-वैयक्तिक संबंध सुदृढ़ करने, संप्रेषण और मिलकर काम करने का कौशल।
- संगत डाटा और दस्तावेज ढूंढ़ने हेतु एनएस वर्ड, एक्सल, पवर प्वाइंट और वेब सर्फिंग जैसे आम तौर पर प्रयुक्त पैकेजों की जानकारी के साथ कंप्यूटर के उपयोग में उच्च स्तरीय प्रवीणता।
- उत्तम संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर-वैयक्तिक योग्यता, अंग्रेजी में बोलने एवं लिखने का उत्तम कौशल, हिंदी का कार्य-साधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- बहु-विषयी समूह के वातावरण में कार्य करने की स्पष्ट योग्यता।

- यदि उच्च स्तर की कोई प्रकाशित रचना हो या विशेष महत्व के कार्य का अनुभव हो, तो औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

**आयु:** दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।
**पारिश्रमिक:** प्रतिमाह 90,000/-रु. से 1,30,000/-रु. के बीच।
**स्थान:** दिल्ली

आवेदन दिनांक **04.06.2016** को **अपराह्न 4:00 बजे** तक ई-मेल **consultant.gpndt@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

**टिप्पणी:**

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।

***